# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026


## छत्तीसगढ़ मे एंक्साइज कॉन्स्टेबल की बंपर भर्ती, 12वीं पास युवाओं के लिए सुनहरा मौका।

Publisher	Published on 10 Jun 2025




## कुल 200 पदों पर निकली भर्ती, जाने आंवेदन प्रक्रिया, योग्यता, सैलरी और चयन प्रक्रिया।

**रायपुर :** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए शानदार मौका आया है। **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (CG Vyapam)** ने आबकारी (Excise) विभाग में **कॉन्स्टेबल के 200 पदों** पर बंपर भर्ती निकाली है। **12वीं पास अभ्यर्थी** इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती अभियान के जरिए प्रदेश के युवाओं को सरकारी सेवा में **पुलिस विभाग** जैसा **अनुशासित** और स्थिर करियर बनाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

**आवेदन की तारीख और प्रक्रिया**
अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट
vyapam.cgstate.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि के बाद, **28 जून से 30 जून 2025** के बीच **ऑनलाइन फॉर्म** में सुधार का मौका भी मिलेगा।

**शैक्षणिक योग्यता**
इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना आवश्यक है।

**आयु सीमा**
**न्यूनतम आयु : 18 वर्ष**
**अधिकतम आयु : 30 वर्ष**

**छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासियों को अधिकतम आयु सीमा मे 5 वर्ष** की छूट दी जाएगी, यानी अधिकतम **आयु 35 वर्ष** हो सकती है।

**सैलरी स्ट्रक्चर**
चयनित उम्मीदवारों को **₹5,200 – ₹20,200** रुपये बेसिक सैलरी के साथ ₹1,900 रुपये ग्रेड पे मिलेगा।

**आवेदन शुल्क**
**सामान्य वर्ग (Gen): ₹350**
**अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC): ₹250**
**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST): ₹200**

**चयन प्रक्रिया**
चयन मेरिट के आधार पर होगा।

बेहतर **शैक्षणिक योग्यता** और **शारीरिक क्षमता** रखने वाले उम्मीदवारों के चयन की संभावना अधिक होगी।

आवेदन करने की प्रक्रिया (स्टेप-बाय-स्टेप गाइड)
१. आधिकारिक वेबसाइट ⍰ vyapamprofile.cgstate.gov.in पर जाएं।
२. होमपेज पर '**Online Application**' सेक्शन में जाएं।
३. '**Apply Online**' लिंक पर क्लिक करें।
४. पहले **रजिस्ट्रेशन करे और फिर फॉर्म** भरें।
५. **आवश्यक दस्तावेज अपलोड करे**।
६. **आवेदन शुल्क भरकर फॉर्म सबमिट करे**।
७. **फॉर्म का प्रिंट आउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रखे**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.